बैंक ऑफ इंडीया
डेबिट कार्ड
उपयोग हेतु महत्वपूर्ण निबंधन एवं शर्ते

1. परिभाषा

क) खाता/खाते का अर्थ होगा बैंक द्वारा नमित किया गया बचत और / या चालू / ओवरड्राफ्ट खाता जो कार्ड के उपयोग के माध्यम से खाता/ खाते के परिचालन हेतु पात्र रहेगा।

ख) खाता विवरण का अर्थ होगा, बैंक द्वारा कार्डधारक को जारी की गई खाता विवरणी या पास बुक जिसमे किये गये लेन-देन और खाते मे यथा तारिख को शेष राशि, और ऐसी अन्य कोई जानकारी जिसे बैंक योग्य समझे, दी जाएगी।

ग) एटीएम का अर्थ होगा ऐसी स्वयचलित टेलर मशीन जो भारत या विदेशो मे, चाहे बैंक की हो या विनिर्दिष्ट साझा नेटवर्क की हो, जिसमे अन्य के साथ-साथ कार्डधारक बैंक मे रखे गये अपने खाते से निधि प्राप्त करने के लिए अपना कार्ड उपयोग मे ला सकता है।

घ) बैंक का अर्थ होगा बैंक ऑफ इंडीया, एक राष्ट्रीयकृत बैंक जिसका प्रधान कार्यालय जी ब्लॉक, प्लॉट नं. सी-५, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पु), मुंबई - ४०००५१ मे स्थित है और उसकी शाखाए भारत और विदेशों मे है।

ङ) कार्ड का अर्थ होगा बैंक ऑफ इंडीया, डेबिट कार्ड।

च) कार्डधारक का अर्थ होगा बैंक का वह ग्राहक जिसे कार्ड जारी किया गया है और जो कार्ड रखने के लिये प्राधिकृत है।

छ) प्रभार का अर्थ होगा कार्डधारक द्वारा वस्तु या सेवाओ की खरीद के लिए कार्ड पर खर्च किया गया कोई प्रभार या कोई अन्य ऐसा प्रभार जो समय-समय पर बैंक द्वारा शामिल किया जाए।

ज) अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन का अर्थ होगा कार्डधारक धारक द्वारा अपने डेबिट कार्ड पर भारत, नेपाल और भूतान के बाहर किया हुआ कोई लेन-देन।

झ) मर्चंट आस्थापना (एमई) का अर्थ होगा किसीभी स्वरुप की वाणिज्यिक स्थापना, जहां भी स्थापित है, जो उनके साथ लेन-देन के लिए कार्ड को स्वीकार करती है।

ञ) मर्चट का अर्थ होगा कोई व्यक्ति मर्चट स्थापना का स्वामी है या प्रबंध करता है या परिचालन करता है

ट) निजी पहचान संख्या (पिन) बैंक द्वारा कार्ड धारक को दी गई चार अंको की वह गोपनीय संख्या होगी, जो कार्ड जारी करते समय दी जाएगी या बाद मे उसके द्वारा समय-समय पर चयनित की जाएगी, जो लेन-देन के समय एटीएम या पीओएस टर्मिनल पर ग्राहक की पहचान के लिए उपयोग मे लायी जाएगी।

ठ) पीओएस टर्मिनल का अर्थ होगा सदस्य स्थापना मे पॉइंट ऑफ सेल इलेक्ट्रॉनिक टर्मिनल, चाहे भारत या बाहर हो जो कार्ड लेन-देन प्रक्रिया के लिए सक्षम हो और जिसमे अन्य के साथ-साथ कार्ड धारक खरीद करने के लिए बैंक के पास रखे गये अपने खाते से अपनी निधि प्राप्त करने के लिए उपयोग कर सकता है।

ड) प्रमुख खाते का अर्थ होगा कार्ड परिचालनों के उद्देश्य से कार्ड के आवेदन के लिए खातोंके विवरण मे दिया गया प्रथम खाता

ढ) साझा नेटवर्क का अर्थ होगा वीजा/मास्टर/रूपे कार्ड नेटवर्क या बैंक के किसी भी नाम के निजी नेटवर्क।

ण) लेन-देन का अर्थ होगा कार्ड धारक द्वारा अपने कार्ड के उपयोग द्वारा बैंक को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से खाते पर कुछ कार्रवाई करने के लिए दिया गया कोई अनुदेश।

त) वीजा विनियमन का अर्थ होगा वीजा द्वारा अपने प्रतिनिधि/सदस्य बैंकोको जारी विनियमन मास्टर कार्ड विनियमन का अर्थ होगा मास्टर कार्ड द्वारा अपने प्रतिनिधि / सदस्य बैंकोको जारी कीया गया कोई विनियमन। रूपे विनियमन का अर्थ होगा, रुपे द्वारा अपने प्रतिनिधी/सदस्य बैंको को जारी विनियमन।

2. पात्रता:

बचत खाता चेक बुक सुविधा सहित / चालू खाते व्यक्तिगत क्षमता मे कार्ड जारी करने हेतु पात्र है।

संयुक्त खाते के मामले मे, केवल वे ही खाते जो एकल रुप से परिचालन किए जाने हेतु अनुमत है, कार्ड जारी करने के लिए पात्र रहेंगे संयुक्त हस्ताक्षरों द्वारा परिचालित खाता या अवयस्क का खाता या खाता जिसमें अवयस्क संयुक्त खाताधारक है, पात्र नहीं है।

3 वैधता :

बैंक को एटीएम, वीजा / मास्टरकार्ड / रूपे के अनुमोदित एटीएम अन्य बैंकोको एटीएम और भारत मे तथा विदेशो मे वीजा / मास्टर कार्ड / रूपे कार्ड अन्य बैंको के लोगो का प्रदर्शन करनेवाले पॉइंट ऑफ सेल युक्त (एमई) सदस्य स्थापना मे कार्ड उपयोग के वैध है।

4. निजी पहचान संख्या पीआईएन

कार्डधारक द्वारा कार्ड का उपयोग करने हेतु बैंक उसे आरंभ मे एक निजी पहचान संख्या (पिन) प्रदान की जाएगी. कार्डधारक सुनिश्चित करेगा कि उसके द्वारा सीलबंद मेलर के माध्यम से पिन प्राप्त हुई है. कार्डधारक पिन की प्राप्ती के उपरांत तुरंत बैंक के एटीएम मे अपने कार्ड का उपयोग कर अपने पसंद की पिन संख्या के द्वारा इसे बदल सकते है. कार्डधारक द्वारा अपने सभी भविष्य के लेन-देनो के लिए परिवर्तित पिन का उपयोग करना होगा. किसी भी परिस्थिती मे कार्डधारक ने अपना पिन जब तक वह पुन: पिन का परिवर्तन नहीं करता, संयुक्त खाताधारक और बैंक के साथ किसीको भी बताना नही चाहिए. अपनी पिन संख्या का प्रकटन करने के फलस्वरुप कार्ड के किसी अप्राधिकृत उपयोग सहित किसी परीणामो की जिम्मेदारी केवल कार्डधारक की होगी. कार्ड और पिन के माध्यम से दिये गये कोई अनुदेश, चाहे संयोजन या स्वतंत्र रुप मे हो, यह माना जाएगा कि कार्डधारक द्वारा दिए गये अनुदेश है और बैंक यह मानने के लिए हकदार रहेगा कि वे अनुदेश कार्डधारक द्वारा दिए गए है।

5 कार्ड पर लेन-देन

क) कार्डधारक घोषित करता है कि उसको जारी किया गया कार्ड यदि विदेशों मे उपयोग मे लाया जाता है तो उसका उपयोग भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा समय-समय पर जारी और संशोधित संबधित विनिमय नियंत्रण विनियमनों के अनुरुप ही रहेगा. अत: विनिमय नियंत्रण विनियमनों का कार्ड धारको द्वारा अनुपालन न करने की स्थिति मे कार्ड धारक विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, १९९९ या ऐसे अन्य समवर्ती विधि के अंतर्गत कार्रवाई के लिए पात्र रहेगा. कार्ड धारक को बैंक या भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा कार्ड का उपयोग करने के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा।

ख) यदि कार्ड निरस्त किया जाता है, चाहे वह विनिमय नियंत्रण विनियमनों के अनुपालन न करने के कारण या अन्यथा हो, बैंक कार्ड के, चाहे भारत में या विदेश मे हो, किसी उपयोग के प्रयास हेतु जिम्मेदार नही होगा. ऐसे उपयोग का परिणाम यह होगा कि कार्ड का भुगतान नही किया जाएगा तथा संबंधित मर्चट ऐसे कार्ड को प्रस्तुति करने के उपरांत उसे अपने पास रखने के लिए हकदार होगा।

ग) कार्डधारकों द्वारा विदेश जाते समय योग्य निजी खर्चोके लिए भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित विदेशी विनिमय पात्रताओं के भीतर कार्ड का उपयोग किया जा सकता हैं, बशर्ते की विदेश मे प्रवास के दौरान आहरित कुल विनिमय पात्रता से अधिक नही होना चाहीये विदेशोंमे खरीदी गई और भारत मे लायी गई वस्तुओंकी आयात पैकेज नियमों / एग्जिम निति और प्रभावी किसी अन्य नियमों द्वारा अधिशासित रहेगी. विनिमय पात्रता का पता यात्रा के पूर्व बैंक को प्राधिकृत डोलर शाखाओंसे किया जाना चाहिये. कार्डधन प्रेषण करने के लिए प्रचलित विनियमोंके अंतर्गत विनिमय का जारी किया जाना अनुमत नही है।

6. कार्ड गुम होना या कार्ड की चोरी

क) यदि कार्ड गुम होता है या कार्ड की चोरी होती है तो कार्डधारक ने स्थानीय पुलिस मे शिकायत दर्ज करनी चाहिए और इसकी प्रति बैंक को भेजनी चाहिए. जब तक कार्ड हॉट लिस्ट/ निरस्त नही होता कार्ड पर किए सभी प्रभारों के लिए कार्डधारक जिम्मेदार होगा. कार्डधारक कार्ड गुम होने की जानकारी बैंक की उसकी शाखा या नामित एजेंसी को टेलिफोन या फैक्स द्वारा लिखित निवेदन के माध्यम से दे सकता है. बैंक पर्याप्त सत्यापन के पश्चात कार्ड अस्थायी रुप से निलंबित रखेगा और बाद मे ऐसी जानकारी की प्राप्ती पर कार्य दिन पर कार्य के दौरान कार्ड हॉट लिस्ट/ निरस्त करेगा।

ख) यदि कार्डधारक का कार्ड विदेश मे खो जाता है तो वह या तो उक्त प्रक्रिया का अनुसरण कर सकता है या वीजा/मास्टर कार्ड ग्लोबल आपात्कालीन सहायता एजेंसी हेल्प लाईनों के माध्यम से खोने की जानकारी दे सकता है. यदि कार्डधारक ऐसे सेवाओंका उपयोग करना है तो ऐसी सेवाओंके उपयोग हेतु खर्च का वहन कार्डधारक करेगा।

ग) एक बार जब कार्ड गुम होने या चोरी हो जाने तथा पश्चात प्राप्त होने की जानकारी मिलती है तो तत्काल उसे दो भाग मे काटना चाहिए और बैंक को वापस लौटाना चाहिए. ऐसे कार्ड के दुरुपयोग से बचने के लिए पर्याप्त सावधानी बरतनी चाहिए।

घ) कार्ड के सुरक्षा के लिए कार्डधारक जिम्मेदार होगा. कार्ड को सुरक्षित रखने के लिए वह सभी उपाय करेगा. कार्डधारक को ही खोए या चुराए कार्ड पर किसी वित्तीय देयता को वहन करना पड़ेगा।

ङ) बशर्ते कि सभी संबंधो मे कार्ड धारक द्वारा सभी निबंधनो और शर्तो का अनुपालन के पश्चात ही बैंक के एकमेव विवेकाधिकार के अंतर्गत प्रतिस्थापित कार्ड जारी किया जाएगा।

7. कार्ड का अभ्यर्पण / प्रतिस्थापन

क) उपयोग करते समय या अन्यथा या खोने के समय यदि कार्ड टुटा /क्षतिग्रस्त हुआ तो बैंक उसे समय समय पर विनिहित लागत पर प्रतिस्थापना करेगा. तथापि प्रतिस्थापित कार्ड बैंक के विवेकाधिकार से (१) नये आवेदन और (२) खोए या अभ्यर्पित कार्ड यदि वह टुटा / क्षतिग्रस्त हुआ है, के मामले मे, जैसी भी स्थिति हो उचित क्षतिपुर्ति पत्र पर जारी किया जाएगा।

ख) कार्डधारक को जारी किया गया कार्ड बैंक की संपत्ति होगी और अनुरोध पूरी होने या कार्डधारक द्वारा कार्ड की आवश्यकता न होने की स्थिति में उसे बैंक को अभ्यर्पित किया जाएगा. कार्डधारक द्वारा सेवाओंकी आवश्यकता न रहने की स्थिति मे या किसी भी कारण से बैंक द्वारा सेवाएं वापस ले ली गई हो. कार्डधारक बैंक को कार्ड निरस्त करने के लिए लौटा देगा. बैंक अपने पूर्ण विवेकाधिकार से किसी खोए या चुराए कार्ड के लिए नए पिन के साथ प्रतिस्थापित कार्ड या विद्यमान कार्ड पर नया पिन जारी कर सकता है, या नवी कृत कार्ड नए या उसी पिन पर उसी निबंधनो और शर्तो पर जिसे बैंक योग्य समझे जारी कर सकता है।

ग) उपर्युक्त प्रावधानो के अध्यधीन कार्ड के अयोग्य / अप्राधिकृत/ गलत उपयोग या डुप्लिकेट कार्ड के जरिए और या पिन के जरिये किसी अन्य पक्षको कार्ड मिलने या किसी अन्य पक्ष की जानकारी मे पिन आने से कार्ड के उपयोग के लिए कार्ड धारक बैंक को जिम्मेदार नही ठहराएगा।

8) कार्ड के अभ्यर्पण हेतु कार्डधारक के अधीकार

क) कार्डधारक बैंक को लिखित रुप मे सुचना देकर और कार्ड को दो टुकडे कर बैंक को लौटाकर यह सुविधा समाप्त कर सकता है. कार्ड धारक कार्ड को सभी प्रभारो के लिए उत्तरदायी रहेगा. बैंक किसी भी समय किसी भी प्रकार का कारण देकर या न देते हुउ भी कार्ड निरस्त कर यह सुविधा समाप्त कर सकता है।

ख) यदि खाताधारक प्रमुख खाता बंद करना चाहता है या अन्यथा कार्ड सुविधा बंद करना चाहता है वह बैंक को सूचना देगा जो दो कार्य दिन की सुचना से कम ना हो और कार्ड जारी कर्ता शाखा मे बैंक को कार्ड का तात्काल अभ्यर्पण करेगा और इसकी वैध रसीद प्राप्त करेगा।

9 नवीकरण अस्वीकार करने /कार्ड समाप्त करने हेतु बैंक के अधिकार

निर्धारित प्रभारो के भुगतान के पश्चात बैंक अपने पूर्ण विवेकाधिकार पर कार्ड का नवीकरण करेगा. बैंक किसी कार्डधारक को कार्ड जारी करने/नवीकरण करने से इन्कार कर सकता है, या कोई और या इसमे दी गई किसी सेवाओं को वापस ले सकता है, बैंक निम्नलिखित किसी भी प्रसंग होने के उपरांत कार्ड सुविधा तत्काल प्रभाव से समाप्त करेगा।

क) इसमे निर्धारित किये गये निबंधन और शर्तो या बैंक के पास कार्डधारक के खाते को लागु निबंधन और शर्तो का भी पालन या अनुसरण करने में असफल होना।

ख) बैंक के साथ किसी करार या प्रतिबद्धता (आकस्मिक या अन्यथा) के अंतर्गत व्यक्तिक्रम के प्रसंग मे।

ग) यदि कार्डधारक पर किसी शोधन अक्षमता, दिवालिया कार्यवाही या इसी स्वरुप की कार्यवाही होती है।

घ) कार्डधारक की मृत्यु होने पर;

च) कार्डधारक के मुर्खतापूर्ण व्यवहार/ पागलपन/अस्वस्थ दिमाग के संबंध मे रिपोर्ट प्राप्त होने पर;

छ) यदि बैंक को आभास होता है कि इस सुविधा का दुरुपयोग किया जा रहा है/ इसका उचित ढंग से उपयोग नही किया गया है;

ज) यदि नेटवर्क के किसी भी बैंक / शाखा से प्रतिकूल रिपोर्ट प्राप्त होती है।

बैंक द्वारा प्राथमिक खाते को निष्क्रय किए जाने की स्थिती मे यह सुविधा को समाप्त के बावजूद पहले संसाधित किए गए किंतु सेवा समाप्त के उपरांत कार्डधारक को शाखा को सुचित किए गए प्रचालन कार्डधारक के खाते के माध्यम से संसाधित किए जाएंगे।

10 उपयोग की शर्ते

क) यह कार्ड हस्तातरणीय नहीं है और केवल कार्डधारक द्वारा इसका उपयोग किया जाएगा।

ख) कार्डधारक सदैव यह सुनिश्चित करेगा कि कार्ड हमेशा सुरक्षित स्थान पर रखा जाता है तथा किसी भी परिस्थिती मे इस कार्ड का उपयोग किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नही किया जाता है। बैंक से कार्ड प्राप्त होने के तुरंत बाद कार्डधारक कार्ड के पीछे दिए गए हस्ताक्षर पॅनल मे हस्ताक्षर करेगा।

ग) यह कार्ड बैंक की सम्पत्ति है तथा बैंक द्वारा मांग किए जाने पर अथवा कार्डधारक को इस सेवा का लाभ न लेने की इच्छा होने पर उसे यह कार्ड बैंक के किसी प्राधिकृत व्यक्ति को लौटा देना चाहिए। कार्ड सौपने से पहले कार्डधारक बैंक के प्राधिकृत व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित कर ले।

घ) कार्डधारक बैंक द्वारा प्रदान की गई सभी प्रकार की सुविधाओं तथा इससे संबंधित सभी प्रभारो के लिए जिम्मेदार होगा।

ङ) साझे नेटवर्क एटीएम पर उपलब्ध की गई सुविधाओं से बैंक के अपने नेटवर्क पर उपलब्ध की गई सुविधाओ मे भिन्नता हो सकती है। बैंक के पास कार्डधारक को कोई सूचना दिए बगैर संव्यवहार की प्रकृति मे परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।

11 बहुविध खाते/संयुक्त खाते

क) कार्डधारक सहमत होता है कि यदि उसके बैंक मे बहुविध खाते है तो बैंक यह निर्णय कर सकेगा कि उसके बैंक मे कितने खाते रखे जाये जिन पर यह सुविधा उपलब्ध की जाये।

ख) प्राथमिक खाते का अंतरण अथवा प्राथमिक खाते में परिचालनगत परिवर्तन की अनुमति तब तक नही दी जाएगी जब तक कि यह कार्ड वापस नही सौप दिया जाता तथा यदि कोई प्राप्य राशि है तो उसे अदा नहीं कर दिया जाता।

ग) कार्ड का उपयोग कर की गयी सभी प्रकार के सामानों को खरीदी अथवा सेवाओं नकद; फीस, प्रभार तथा कार्ड का उपयोग कर देय सभी भुगतानों के लिए बैंक कार्ड से लिंक खाते को नामे करेगा।

घ) कार्ड धारक कार्ड की वैधता अवधि के दौरान समय-समय पर लागू न्यूनतम जमा शेष बैंक के अपने प्राथमिक खाते मे बनाये रखेगा तथा यदि किसी भी समय यह जमा राशि कम होती है या ऊपर किये गये उल्लेख के अनुसार निर्धारित न्यूनतम सीमा से जमा राशि कम होती है तब बैंक अपने विवेक तथा समय-समय पर लागू बैंक के नियमों के अनुसार कार्ड धारक को बिना पूर्व सूचना दिए दंड या सेवा प्रभार लगा सकता है।

ङ) कार्ड धारक अथवा ऐसा कार्ड धारक जो एक संयुक्त खाताधारक है जिसे संयुक्त खाता एकल रुप से परिचालित करने की अनुमती दि गयी है बैंक को इस कार्ड का उपयोग करके, बैंक के रिकॉर्ड के अनुसार, आहरित की गयी राशि तथा/ अथवा अंतरण के लिए खाते को नामे (डेबिट) करने के लिए प्राधिकृत करता है. तथापि, बैंक के रिकॉर्ड के अनुसार, सभी खाताधारक एटीएम मशीन या पीओएस टर्मिनल द्वारा प्रोसेस किए गए संव्यवहार के लिए संयुक्त तथा पृथक रुप से बाध्यकार होंगे. बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित कार्ड से संबधित सभी तरह की फीस / प्रभार कार्ड धारको के किसी भी खाते को नामे करके वसूल की जायेगी. यदि संयुक्त खाताधारकों में से कोई एक कार्ड के संचालन के बारे मे भुगतान रोकने. संचालन संबधी निदेश देना चाहता है तो उसे बैंक को लिखित रुप मे ७ दिन पहले इस तरह का नोटीस भेजना होगा जिससे कि बैंक नेटवर्क से जुडे सभी बैंको / एटीएम केंद्रों को सूचित कर सके तथा अपने विवेकानुसार अनुदेशोंका पालन करने हेतु का कार्रवाई कर सके।

12 विवरण तथा रिकॉर्ड

क) कार्ड धारक बैंक के संव्यवहार के संबंधित रिकॉर्ड को सभी उद्देश्योंके लिए निर्णायक तथा बाध्यकारी के रुप मे स्वीकार करेगा. एटीएम कार्ड के उपयोग करने पर मशीन से मुद्रीत होकर निकलने वाली पर्ची एटीएम पर कार्ड धारक का रिकॉर्ड है तथा इसे इस उद्देश्य से बैंक के रिकॉर्ड रुप मे नही माना जाएगा. बैंक / शाखाओं के कारोबार समय के उपरात किए गए संव्यवहार को बैंक के बही खातों मे दुसरे कार्य दिवस मे दर्शाया जाएगा. प्रभार / ब्याज इत्यादी की उगाही के प्रयोजन से लेन-देन की वास्तविक तारीख से गणना की जाएगी।

ख) कार्ड धारक को लेन-देन की तारीख से १५ दिनोंके भीतर लेन-देन / खाते मे प्रविष्टीयों मे पाई गई किसी अनियमितता अथवा विसंगति की सूचना लिखित तौर पर बैंक को देनी चाहिए. यदि बैंक को १५ दिनो के भीतर इस संबंध मे कोई सुचना नही मिलती है तो बैंक यह मान लेगा की बही खाते मे दर्ज की गई प्रविष्टियाँ तथा लेन-देन सही है।

ग) कार्ड धारक का हित सुनिश्चित करने के लिए बैंक कार्ड सुविधाओंका उपयोग करते समय किसी व्यक्ति के प्रवेश तथा उपस्थिति के कैमरा अथवा विडोओ टेप मे अपने स्वयं के विवेक पर रिकॉर्ड कर सकता है, कार्ड धारक के अनुरोध पर इलेक्ट्रॉनिक या वृत्त चित्र के रुप मे बैंक द्वारा तैयार रिकॉर्ड तथा ऐसे अन्य विवरणोका रिकॉर्ड तथा उपर कार्ड धारक के बताए अनुसार कैमरा / विडीयो की सभी रिकॉर्डिंग को ग्राहक के अनुदेशों और ऐसी हिदायतों तथा अन्य विवरणों के लिए निर्णायक साक्ष समझा जाएगी.

13 एटीएम का उपयोग

क) कार्ड धारक निम्न स्थितियों मे कार्ड का उपयोग या उपयोग करने का प्रयास कभी भी नही करेगा, (१) आहरण अथवा अंतरण के लिए (निर्धारित सीमा के भीतर) जब तक की खाते मे पर्याप्त रकम (फंड) उपलब्ध नहीं है. (२) और / अथवा अन्य पक्षों को जारी किए गए अपने चेकोंका भुगतान न करने की मंशा से आहरण अथवा अंतरण के लिए. यदि खाते मे एक साथ एटीएम / पीओएस टर्मिनल से किए गए डेबिट को प्राथमिकता दी जाएगी तथा एटीएम / पओएस टर्मिनल का उपयोग को डेबिट करने के उपरांत अपर्याप्त शेष होने पर बैंक संबंधित चेकों को वापस लौटा देगा. यह कार्ड धारक को जिम्मेदारी होगी की वह चेक तथा अन्य लेन-देन के लिए खाते मे पर्याप्त जमा शेष(फंड) बनाए रखे.

ख) कार्ड को एटीएम लोकेशन मे गोपनीय पिन के माध्यम से कार्यशील किया जा सकता है, पिन के उपयोग से किये सभी लेन-देन के ऊपरांत रिकॉर्ड को स्विकार करेगा। कार्ड धारक के एटीएम के माध्यम से लेन-देन पूरा करने पर वह मुद्रीत लेन-देन रिकॉर्ड प्राप्त करने के लिए अनुरोध दर्ज करा सकता है। जब कार्डधारक कार्ड का उपयोग करता है तब एटीएम पावती पर उपलब्ध धन राशि मुद्रित हो जाती है।

ग) जमाराशियों (डिपॉजिटस) के लिए कोई हस्ताक्षरीत पावती नही होगी । जमा के लेन-देन का सत्यापन बैंक के पदाधिकारियों या उनके पदनामित व्यक्तियों द्वारा नकद/चेकों के जमा किए गए कटे-फटे या गंदे नोटों को भारतीय रिजर्व बैंक के नोट रिफंड नियमों के अध्यधीन अनंतिम रुप से स्वीकार किए जाएंगे तथा कार्ड धारक को संबंधित आगम तब तक उपलब्ध नही होगा जब तक की इन्हे समाशोधित नही कर दिया जाता। विदेशी मुद्रा के रुप मे स्विकार जमाराशिया अथवा किन्ही कारणोंसे स्विकार नही की गयी जमाराशियां कार्ड धारक के खर्च , जोखिम तथा जिम्मेदारी पर वापस लौटा दी जायेंगी । चेकोकी उगाही और आगम परकाम्य लिखित अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार स्विकार किया जाएगा।

घ) सभी लेन-देन, विशेष रुप से नकद तथा चेक, संव्यवहारों को परिवहन अवधि के कारण जमा देने में विलंब हो सकता है। कार्ड धारको को ऐसे विलंबो के कारण होने वाली हानी अथवा क्षति अथवा असुविधा के लिए बैंक जिम्मेदार नही होगा।

ङ) कार्ड धारक को एटीएम द्वारा उत्पन्न लेन-देन के रिकॉर्ड को अपने पास रखना चाहिये।

च) कार्ड धारक सहमत है की उसे अधिकतम निर्धारीत आहरण सिमा तक नगद आहरण करने और अधिकतम निर्धारित व्यय सीमा तक व्यय / एमई (व्यापारी/मर्चट आस्थापना) पर खरीदारी करने की अनुमति होगी बशर्ते उनके खाते (तों) मे स्पष्ट शेष राशि उपलब्ध हो या बैंक द्वारा समय समय पर निर्धारित आहरण/खरीद सीमा के अंतर्गत हो, इन सीमायों का किसी प्रकार से उलंघन होने पर उसे प्रदत्त कार्ड सुविधा हटा दी जाएगी। कार्डधारक सहमत है की जब तक उसके खाते में पर्याप्त निधियाँ उपलब्ध न हों वह आहरण/खरीदी (एमई पर) नहीं करेगा। खाते मे पर्याप्त शेष उपलब्ध करने की पूरी जिम्मेदारी कार्ड धारक की होगी।

तय की गयी आहरण व एमई (मर्चट आस्थापना) पर व्यय की सीमा जानने के लिए बैंक की वेबसाईट देखे।

14 व्यापारिक प्रतिष्ठानो पर उपयोग

क) यह कार्ड भारत अथवा विदेश मे बैंक / वीसा / मास्टरकार्ड / रूपे का लोगो प्रदर्शित करने वाले तथा पीओएस टर्मिनल रखनेवाले सभी व्यापारीक प्रतिष्ठानो पर स्वीकार्य होगा। यह कार्ड केवल इलैक्ट्रानिक उपयोग के लिए है । जब कभी इस कार्ड का उपयोग व्यापारिक प्रतिष्ठान मे किया जाए कार्ड धारक बिक्री पर्ची पर हस्ताक्षर करें तथा इसकी प्रतिलिपी अपने पास रखे। लेन-देन की तारीख से १५ दिनों के भीतर कार्ड धारको के अनुरोध पर बैंक अतिरिक्त प्रभार लेकर वीसा / मास्टर / रूपे कार्ड के नियमों के अनुसार बिक्री पर्ची की प्रतिलिपीयाँ दे सकता है। कार्ड धारक द्वारा व्यक्तिगत रुप से हस्ताक्षर नही की गई बिक्री पर्ची किन्तु जिसे कार्ड धारक द्वारा प्राधिकृत किए जाने के सबुत के रुप मे पेश किया जा सकता है को साबित करने का उत्तरदायित्व कार्ड धारक पर होगा। लेन-देन की राशी कार्ड से संबधित प्राथमिक खाते से तत्काल नामे (डेबिट) कर ली जाएगी। व्यापारिक प्रतिष्ठानो पर लगाए गए पीओएस टर्मिनलों मे पीओएस टर्मिनलों की कार्यात्मकता के आधार पर, कार्ड धारको के हस्ताक्षर पिन की सहायता से यह कार्ड कार्यशील होता है।

ख) सामानो की आपुर्ती तथा सेवाओ को शामिल करते हूए बैंक कार्ड धारक के व्यापारी के साथ लेन-देन का कोई उत्तरदायित्व स्विकार नही करेगा। यदि किसी व्यापारिक प्रतिष्ठान के खिलाफ कार्ड धारक की कोई शिकायत होती है तो कार्ड धारक व्यापारिक प्रतिष्ठान के खिलाफ मिलकर समस्या का समाधान स्वय करेगे और वह बैंक के प्रति अपने उत्तरदायित्वसे मुक्त नही होंगे। यद्यपी कार्ड धारक को इस शिकायत की सुचना तत्काल बैंक को देनी चाहीये ताकी बैंक वीसा / मास्टर / रूपे कार्ड नियमो के अनुसार कार्रवाई कर सके।

ग) बैंक किसी व्यापारीक प्रतिष्ठान द्वारा उगाही गई अधिभार राशी तथा कार्ड धारक के खाते से नामे की गई लेन-देन की राशी के लिए कोई भी जिम्मेदारी स्विकार नही करेगा।

घ) बैंक को व्यापारिक प्रतिष्ठान से कोई प्रभार या अन्य भुगतान मांग प्राप्त होने पर वह इस बात का प्रामाणिक सबूत होगा की ऐसे मांग मे दर्शाया गया प्रभार ऐसे प्रभार अथवा अन्य तरह से कार्ड का प्रयोग करते हुए कार्ड धारक द्वारा व्यापारीक प्रतिष्ठान में संदर्भित राशी का उपयुक्त व्यय कीया गया है ऐसी परिस्थिती को छोडकर जहाँ कार्ड खो गया है या चुरा लिया गया है और जिसकी रिपोर्ट पुलिस मे दर्ज करवाई गई है तथा उपरोक्त नियम खंड ६ (क) के अधिन बैंक को इसकी सुचना दी गई है।

ङ) यादि कोई कार्ड धारक यह दावा करता है की उसके कार्ड का प्रयोग धोखेबाजी पूर्ण रुप से किया गया है तो इस धोखेबाजी का सबुत प्रस्तुत करने का दायित्व कार्ड धारक के उपर होगा। यदि इस तरह के धूर्तता पुर्ण प्रयोग के कारण कार्ड धारक को कोई हानि होती है तो बैंक उसकी जिम्मेदारी नही लेगा।

च) यदि कार्ड धारक किसी गलती अथवा व्यापारिक कारणों से वापसी के कारण किसी पूर्व संव्यवहार को रद्द करना चाहता है तो उस स्थिति में मर्चेंट ने पूर्ववर्ती बिक्री रसीदों को निरस्त करना चाहीए और मर्चेट द्वारा निरस्त सव्यवहारों की रसीद की पावती कार्ड धारक को अपने पास रखनी चाहीए। ऐसे लेन-देन की उलट प्रविष्टी /नामे हावसे (गैनुअली)किया जाना होगा। कार्ड धारक के लिए यह आवश्यक है कि वह उलट प्रविष्टी को प्रभावी करने हेतु संव्यवहारों को निरस्त करने के लिए बिक्री रसीदें प्रस्तुत करें।

छ) कार्ड का उपयोग डाक आदेश/ फोन आदेश/ इन्टरनेट द्वारा खरीदि के लिए नही किया जाना चाहीए ऐसे किसी उपयोग को गैर प्राधिकृत माना जाएगा तथा ऐसे लेन-देन के लिए कार्ड धारक एक मात्र जिम्मेदार होगा।

15 अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन

क) कॅलेंडर वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा आहरण के लिए कार्डधारक अपने पासपोर्ट को विदेशी मुद्रा विनिमय के प्राधिकृत डोलर द्वारा पृष्ठांकित करवाएगा और वर्ष की समाप्त के पूर्व उसके सत्यापन के लिए बैंक के पास प्रस्तुत करेगा। भारतीय रिजर्व बैंक के विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण विनियमन (एक्सचेंज कंट्रोल रेगुलेशन्स) के गैर अनुपालन अथवा विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन नियम १९९९ के दिसी प्रावधान अथवा अन्य तद्सदृश्य प्रावधानों के गैर अनुपालन के कारण उत्पन्न सभी परिस्थितियो और किसी भी नुकसान के लिए बैंक को हानि रहित रखने और क्षतिपूर्ति के लिए कार्डधारक सहमत है।

ख) विदेशी मुद्रा मे किए गए लेन-देन का निपटान वीसा/मास्टर/रूपे कार्ड तंत्र के अनुसार प्रभावी किया जाएगा।

ग) कार्ड के निरस्त होने के मामले मे, चाहे वह एक्सचेंज कंट्रोल रेगुलेशन के गैर अनुपालन के कारण अथवा अन्य कारण से है, चाहे भारत मे अथवा विदेश मे कार्ड के उपयोग का कोई प्रयास किया गया है, बैंक जिम्मेदार नहीं होगा। कार्ड जारी करना और उसका उपयोग समय-समय पर लागु भारतिय रिजर्व बैंक के विनियमनो की शर्तों पर होगा । कार्डधारक इस बात से भी सहमत होगा कि विदेशी मुद्रा आहरण कि अनुमती केवल तभी होगी जब उस समय खाते में जिसके सामने कार्ड जारी किया गया है उसके बराबर पर्याप्त भारतीय रुपया जमा शेष होगा और अपर्याप्त जमा शेष के मामले मे आहरण को नकार दिया जाएगा।

घ) कार्डधारक द्वारा भारतिय रिजर्व बैंक के विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण विनियमन , विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन नियम १९९९ और या किसी अन्य नियम और प्राधिकारी के गैर अनुपालन के कारण किसी अथवा सभी उत्पन्न परिणामों के लिए कार्डधारक बैंक को क्षतिपूर्ति करेगा और बैंक की हानि को भरपाई करेगा

ङ) कार्डधारक सहमत है की विदेशी मुद्रा के आहरण के प्रत्येक लेन-देन के लिए बैंक द्वारा तय सेवा प्रभारलगेगा और ऐसे सेवा प्रभारों के लिए कार्डधारक का खाता लेन-देन के समय अथवा बाद मे नामे किया जायेगा। सेवा प्रभार में परिवर्तन बिना सूचना दिए ही होगा।

च) सभी विदेशी मुद्रा लेन-देन के लिए प्रयुक्त विनिमय दर का निर्णय बैंक द्वारा लिया जायेगा और कार्डधारक पर बंधनकारी होगा।

छ) कार्ड द्वारा किए गये सभी लेन-देन चाहे वह बैंक के एटीएम से या अन्य बैंक के एटीएम से या पीओएस टर्मिनल से किए गए है उन्हे कार्डधारक द्वारा स्वय और/या उसकी जानकारी / प्राधिकार से स्पष्ट या उपलक्षित रुप से किसी दावे या विपरित परिस्थिति के बावजूद भी कार्डधारक द्वारा किया गया प्राधिकृत लेन-देन माना जाएगा। कार्ड के प्रयोग से प्रसस्कृत सभी लेन-देन के लिए सभी परिस्थितियों मे कार्डधारक अपना सपूर्ण दायित्व स्वीकार करेगा। प्रमुख खातों के मामलों मे जो अनिवासी सामान्य / विदेशी खाते हैं कार्डधारक का एक मात्र दायित्व होगा कि खाते के परिचालन के संबंध मे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्थापित किए गए नियमों / मानददो का पालन करें।

16. वैश्विक कार्डधारक सहायक सेवाएं (वीसा / मास्टर कार्ड वैश्विक आपात सहायता हेल्पलाईने)

बहुभाषिक वीसा / मास्टर कार्ड / रूपे कार्ड आपात सहायता सेवा योजनाएं विश्वव्यापी आपात प्रासंगिक सहायता वीसा / मास्टर कार्ड / रूपे कार्डधारकों को प्रस्तुत करती है । इसमे व्यापक स्तर पर विधि, चिकित्सा और अन्य सेवाएं सम्मिलित है। इन सुविधाओ के अंतर्गत आनेवाली सेवाएं अन्य पक्ष के सेवाप्रदान कर्ताओं द्वारा दी जाती है और उनका भुगतान वीसा / मास्टर / रूपे कार्ड अंतर्राष्ट्रीय द्वारा किया जाता है। यह सहायता सर्वोत्तम प्रयास के आधार पर उपलब्ध कराई जाती है जो कि समय की समस्या, दूरी अथवा अवस्थान (लोकेशन) के कारण उपलब्ध नहीं हो सकती है। चुंकि वीसा / मास्टर कार्ड / रूपे कार्ड अंतर्राष्ट्रीय के कर्मचारी नहीं है। ऐसी सेवाओं की व्यवस्था अथवा उपयोग के लिए बैंक किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करता है।

17 दायित्व से अलग होना

क) बैंक द्वारा कार्ड धारक को उपलब्ध कराई गई सुविधा के फल स्वरुप कार्ड धारक एतद्वारा बैंक को सभी कार्रवाईयो, दावो, मांगो, कार्यवाहीया, नुकसान, हानियो, व्यक्तिगत पुछताछ खर्चो, प्रभारों और व्ययोंको जिसे बैंक ने उपगत, निर्वाह, वहन किया है या उसके कारण ऐसी स्थिती ने जो प्रतिफल हुआ है या कार्ड धारक को उक्त सुविधा देने के कारण ऐसी परिस्थिति पैदा हो गई है या बैंक द्वारा सम्दावना मे किसी कार्य को करने या विलोपन से या कार्ड धारक के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष असावधानी , गलती अथवा कदाचार से कार्ड से संबंधित नियमोंके शर्तो और निबंधनो के उल्लंघन अथवा गैर अनुपालन या कार्ड धारक अथवा उसके कर्मचारी या ऐजेन्ट द्वारा खाते मे लेन-देन या धोखाधडी, बेईमानी के लिए कार्ड धारक, बैंक को क्षतिपूर्ति करने और क्षतिरहित रखने के लिए सहमत है।

ख) कार्ड धारक बैंक को किसी मशीन / मशिनी भूल होने / बंद हो जाने के लिए क्षतिपूर्ति करने के लिए सहमत है। कुरिअर द्वारा कार्ड/पिन के अन्यत्र दे देने या परिवहन मे हुई हानि के लिए भी कार्ड धारक बैंक को क्षतिपुर्ति करेगा।

ग) उपरोल्लिखित पर बिना पुर्वाग्रह के, कार्ड धारक को जिस भी प्रकार की हानी या क्षति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप मे निम्न प्रकार के है, तो उसके लिए बैंक का कोई भी दायित्व नहो होगा:

- एमई द्वारा आपुर्ति कीए गए माल की गुणवत्ता या सेवा मे त्रुटी रहने पर
- किसी व्यक्ति द्वारा कार्ड का समादरण या स्विकृत करने से नकार देने पर
- कम्प्युटर टर्मिनल, एटीएम या पीओएस टर्मिनल के गलती करने के कारण
- कार्ड धारक के अलावा किसी अन्य द्वारा लेन-देन निर्देश को प्रभावी करने पर
- बैंक परिसर मे बैंक के पदनामित कर्मचारीओ को छोडकर कोसी अन्य को कार्ड धारक द्वारा कार्ड को सौपने पर
- कार्ड पर छपी समाप्ति तिथि के पुर्व बैंक द्वारा कार्ड को प्रस्तुत और जमा करने की मांग करने के अधिकार का प्रयोग करने पर चाहे एसो माग और प्रस्तुत करने अथवा जमा करने के लिए बैंक द्वारा या किसी व्यक्ति द्वारा या कम्प्युटर टर्मिनल , एटीएम या पीओएस टर्मिनल द्वारा की गई है।
- किसी कार्ड को निरस्त करने के लिये बैंक द्वारा उसके अधिकारोंका प्रयोग करने पर
- कार्ड के पुनर्धारण के कारण कार्ड धारक को व उनके तथा कथित साख, चरित्र और प्रतिष्ठा को हुई हानि और / अथवा एम ई द्वारा कार्ड को वापस करने के अनुरोध को नकारने या स्विकार करने पर।
- बैंक द्वारा किसी गलत विवरण, गलत प्रस्तुति, किसी ब्योरे मे गलती या विलोपन का पता लगाए जाने पर

घ) ईन सबके अलावा अन्यथा विधी द्वारा अपेक्षति हो तो, यदि कोई प्रोसेस (कार्यवाही) सम्मन, आदेश, रोक, डिको निष्पादन, ग्रहणाधिकार जानकारी अथवा सुचना बैंक को प्राप्त होती है और सद्भावन से बैंक उसपर विश्वास करता है और कार्ड धारक की क्षमता पर प्रश्न करता है अथवा किसी अन्य को क्षमता पर जिसे कार्ड धारक द्वारा कार्ड के लिए प्राधिकृत माना गया है, प्रश्न करता है, बैंक अपने विकल्प (आपशन) से और कार्ड धारक या अन्य ऐसे व्यक्ति के प्रति बिना दाईत्व के उसकी निधीके किसी भाग को कार्ड धारक को देने से नकार कर सकता है और निधी को समुचित प्रधिकारी को भुगतान कर सकता है और कानुन द्वारा लागु अपेक्षति कोई अन्य कदम उठा सकता है।

ङ) बैंक कार्ड धारक के खाते से उचित सेवा प्रभार और उठाए गए व्यय जिसमे उचित विधि शुल्क सम्मिलित है परतु सिमित नही है, जो कि कार्ड धारक के कारण विधी कार्रवाई हुई है, वसुल करने का अधिकार सुरक्षित रखता है

18 सुविधाओका आहरण (समाप्ति)

बैंक अपने विवेकाधिकार से कार्ड धारक को कार्डो , एटीएम , पीओएस टर्मिनलों पर और भी अधिक सेवाएं प्रदान कर सकता है और / अथवा साझा नेटवर्क के माध्यम से कार्ड धारक को सुविधा और उपयोग के लिए अन्य साधन (युक्ति) कर सकता है। इन साधनो पर कीये गए लेन देन से संबंधित सभी शुल्क प्रभार जैसा की बैंक द्वारा समय समय पर निर्धारित कीया जाएगा एसके खाते को नामे करके वसुल किया जाएगा। कार्ड धारक यह समझता है और सहमत है की साझा नेटवर्क विभिन्न प्रकार के कार्य और सेवाए उपलब्ध कराएगा और भिन्न भिन्न सेवाओ के लिए अलग अलग प्रभार होंगे। बैंक अपने एक मात्र विवेक से किसी भी समय , इ को बिना सुचना दिए भारत या भारत से बाहर एटीएम , पीओएस टर्मिनलो और अन्य साधनो पर सुविधा वापस लेने, विच्छेद, निरस्त , निलंबित / या समाप्त करने के लिए बैंक को हक होगा और ऐसे निलंबन या समापन के फलस्वरुप हुए किसी हानि या नुकसान के लिए कार्ड धारक के प्रति बैंक जवाबदार नहीं होगा।

19. प्रकटन

क) कार्ड धारक एत द्वारा बैंक को प्राधिकृत करता है कि वह किसी भी समय और किसीभी उद्देश के लिए कोईभी सुचना जो कार्ड धारक के व्यक्तिगत विवरण, खाते, लेन-देन या बैंक के साथ सव्यवहार को किसी सक्षम क्षेत्राधिकार अदालत सहन्यायिक प्राधिकरण, विधि प्रवर्तन एजेन्सी केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार के संबंधित स्कंधोको भारतीय रिजर्व बैंक, आयकर प्राधिकारीयो, सांविधिक प्राधिकारीयो, वित्तिय संस्थानो, ऋण ब्यूरो/एजंसीयो या किसी भी कंपनी को जो बैंक से संबंध, सहयोगी या सहाय्यक है को प्रकट कर सकती है जो विधि द्वारा या अन्यथा अपेक्षित है और जिसको ऐसे प्रकटन के लिए बैंक उचित मानता है।

ख) कार्ड धारक बैंक को ऐसी सुचना देने के लिए सहमत है जो विधि अथवा विनियमन द्वारा अपेक्षित है अथवा अन्य सुचनाए जिसके लिए बैंक समय समय पर उचित रुप से अनुरोध करता है। बैंक किसी सक्षम क्षेत्राधिकार अदालत सहन्यायिक प्राधिकारीयो, विधि प्रवर्तन एजेन्सीयो और अन्य संबधित प्राधिकारीयों को या उसके कारोबार के संचालन मे किसी अन्य व्यक्ति को ग्राहक को सुचना देने के अधिकार को सुरक्षित रखता है।

20. शुल्क / प्रभार

क) बैंक सेवा प्रभार लगाने के अधिकार को सुरक्षित रखती है और जब उचित समझे उसे संशोधित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है।

ख) कार्ड धारक को कार्ड जारी करने अथवा पुन: जारी करने पर प्रभार लागाने और/ या कार्ड धारक द्वारा कार्ड पर लेन-देन करने पर फिस/ प्रभार लगाने के लिए बैंक अपने अधीकार को सुरक्षित रखती है। ऐसे शुल्क और प्रभार / कार्ड धारक के खाते मे उस समय लागाए जाएंगे जब शुल्क और प्रभार उपगत होंगे। इसके अलावा साझा नेटवर्क का परिचालन उसके एटीएम, पीओस टर्मिनल अन्य साधनो के प्रत्येक उपयोग के लिए अतिरीक्त प्रभार लगाए जा सकते है और इस प्रकार का प्रभार अन्य लागु शुल्को/प्रभारो के साथ कार्ड धारक के खाते मे नामे किया जाएगा। ऐसी सुवोधाओंके लिए अलग से सेवाप्रभार लगाया जाएगा और उसकी घोषणा बैंक द्वारा समय समय पर की जाएगी और कार्ड धारक का खाता नामे किया जाएगा।

ग) खाते मे ऐसी फीस नामे करने के लिए पर्याप्त निधि न होने पर, बैंक आगे के लेन-देन को नकारने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बैंक का निर्णय कार्ड धारक पर बंधनकारी होगा।

घ) कोई भी सरकारी प्रभार, ड्यूटी अथवा नामे (डेबिट) या भुगतान योग्य कर जो कार्ड के उपयोग के परिणाम स्वरुप है उसके भुगतान का दाईत्व कार्ड धारक का है और यदि इसे बैंक पर डाला गया (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप मे) तो बैंक बिना सुचना दिये ऐसे प्रभारों, ड्यूटी अथवा टैक्स।

ङ) कार्ड धारक बैंक को किसी भी खर्चे जिसमे विधिक खर्चे भी सम्मिलित परंतु सिमित नही हे, जो बैंक ने कार्ड धारक से राशि वसूल करने के लिए खर्च किया है, तथा जो कार्ड के लेन-देन से संबंधित है उसके लिए खातों मे कटौती करने के लिए प्राधिकृत करता है और क्षतिपूर्ति करता है।

च) यदि किसीभी कारण से खाता अति आहरीत होता है तो उसे जमा स्थिति मे लाने हेतु कार्ड धारक को पर्याप्त निधि उपलब्ध कराना होगा । जब भी खाता अति आहरित होगा प्रत्येक प्रसंगपर ब्याज के अतिरिक्त एक समान शुल्क प्रभारित किया जाएगा। एक समान शुल्क और ब्याज बैंक द्वारा समय समय पर निर्धारित दर से वसूल किया जाएगा।

छ) कार्ड लेन-देन के कारण यदि कोई खाता अति आहरित हो जाता है तो बैंक को यहअधिकार होगा की वह यह राशी कार्ड धारक के किसी भी अन्य खाते, चाहे वह एकल या संयुक्त हो, की जमा राशी के विरुद्ध बिना कोई नोटीस दिए जहा कही लागू हो समंजन करे।

ज) इन निबंधनो और शर्तो मे बैंक और कार्ड धारक के मध्य समय समय पर किए गए अन्य किसी भी करार के कारण बैंक के धन के समंजस, अंतरण और समायोजन के हक पर किसी प्रकार कोई प्रभाव नही होगा।

झ) कार्ड के जारी/नवीकरण/प्रयोग के लिए लागु शुल्क और प्रभार के लिए बैंक की वेबसाईट देखें।

www.bankofindia.co.in

21. विवाद

अ) किसी व्यापारी स्थापना द्वारा कार्ड के स्वीकार करने और / अथवा नकारने की बैंक पर कोई जिम्मेदारी नही होगी । व्यापारी स्थापना के साथ किसी लेन-देन से संबधित विवाद के मामले मे जिस बिक्री पर्ची पर कार्ड धारक के हस्ताक्षर है तथा कार्ड नंबर नोट किया गया है वह बैंक और कार्ड धारक के मध्य से कार्ड धारक द्वारा - देयता का प्रमाण रुप मे अंतिम सबूत माना जाएगा / और बैंक को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता नही है कि कार्ड धारक ने खरीदा हुआ / खरीदा जानेवाला माल विधिवत रुप से प्राप्त किया है अथवा उपलब्ध की गयी / जाने वाली सेवा कार्ड धारक को संतोषजनक रुप से मिली है।

आ) एक बिक्री पर्ची जिसपर कार्ड धारक के हस्ताक्षर तथा कार्ड नंबर नोट किया गया है वह बैंक और कार्ड धारक के मध्य कार्ड धारक द्वारा देयता प्रमाण के रुप मे अंतिम सबूत माना जाएगा। बैंक विवरण मे सुचित किए गए प्रभारों के प्रति दुखी कार्ड धारक की असहमति की सुचना प्राप्त होने से दो महीनो के भीतर निराकारण करने का वास्तविक और पर्याप्त प्रयास के पश्चात यदि बैंक निर्धारित करता है की सूचित किए गए प्रभार सही है तब बिक्री पर्ची तथा भुगतान अनुरोध की प्रतिलिपी के साथ ब्योरे उस कार्ड धारक को सम्प्रेषित किए जाएंगे।

इ) साझेदारी नेटवर्क एटीएम लेनदेन संबंधित किसी विवाद के मामले को संबंधित नेटवर्क के विनियमनों के अनुसार हल किया जाएगा । कार्डधारक द्वारा साझेदारी नेटवर्क एटीएम पर किए गए किसी लेनदेन कि जिम्मेदारी बैंक नही लेगा। यदि कार्डधारक को किसी साझेदारी नेटवर्क एटीएम से संबंधित कोई शिकायत होगी तो कार्डधारक यह मामाल साझेदारी नेटवर्क के साथ हल कर और ऐसा न करने पर उसे बैंक के प्रति किसी बाध्यता से मुक्ति नही मिलेगी । फिर भी कार्डधारक को तत्काल बैंक को शिकायत की सूचना देनी होगी।

22. बीमा लाभ:

बैंक द्वारा कार्डधारक को कार्ड के अंतर्गत बीमा कंपनी के साथ ताल-मेल के माध्यम से समय समय पर विविध बीमा लाभ दिए जाते है । कार्डधारक विशेष रुप से स्विकार करता है की वह ऐसे बीमा संरक्षण से उद्भुत अथवा संयोजन से किसी भी मामले मे, चाहे वह ऐसे बीमा संरक्षण मे किसी कमी अथवा खराबी से संबंधित हो, वसूली अथवा क्षतिपूर्ति का भुगतान हो,दावों की प्रक्रिया अथवा समझोता हो । अन्यथा किसी भी तरह से हो बैंक को उत्तरदायी नही ठहराएगा और ऐसे सभी मामाले सीधे बीमा कंपनी को संबोधित किए जाएंगे तथा एउनके द्वारा निपटाए जाएंगे । बीमा कंपनी दावे के (समझोते) निपटान के लिए अकेली उत्तरदायी होगी । इसके अतिरिक्त कार्डधारक इससे भी सहमत है की बैंसक किसी भी समय (अपने स्वयं विवेक पर और कार्डधारक को इसकी बिना कोई सूचना दिए अथवा उसक कोई कारण दिए) ऐसे बीमा सरक्षण को बद कर सकता है, निकाल सकता है अथवा रद्द कर सकता है और बैंक पर यह सुविधा जारी रखने की बाध्यता नही है।

23 विविध

अ) कार्ड के प्रयोग हेतु निबंधन व शर्ते इस दस्तावेज मे विनिदिष्ट तथा समय-समय पर बैंक द्वारा इसमे किए गए संशोधनो के अनुसार होगी। कार्ड अवेदन फॉर्म पर हस्ताक्षर करने अथवा लिखित रुप से कार्ड की प्राप्ति कि अभिस्विकृति देने अथवा कार्ड के पीछे हस्ताक्षर करने से कार्ड की सहायता से कोई लेन-देन करने से अथवा बैंक को कार्ड के सक्रियण के लिए अनुरोध करने से अथवा रिकार्ड के अनुसार कार्डधारक के पते पर कार्ड प्रेषित कराने के पश्चात १० दिन बीत जाने से यह माना जाएगा कि कार्डधारक इन निबंधनो व शर्तो से बिनाशर्त सहमत है और उन्हे वह स्वीकार करता है।

आ) यह निबंधन व शर्ते कार्डधारक के किसी खाते से संबंधित निबंधनो व शर्तो से अतिरिक्त है। इलेक्ट्रानिक प्रणाली अथवा कार्ड लेन-देन के लिए प्रयोग मे अनेवाले उपस्करों की सुरक्षा जारी रखने अथवा पुन: स्थापित करने के लिए और अथवा किसी भी तरह के अन्य कारणों के लिए निबंधनों व शर्तो मे संशोधन करने की आवश्यकता महसूस होती है तो बैंक बिना सूचना के इनमे परिवर्तन भी कर सकता है और कार्डधारक पर यह बंधनकारी होगा।

इ) बिजली कि खराबी, संचार व्यवस्था लाईन, मशिनि खराबी अथवा नियंत्रण के बाहर किसी भी कारण से एटीएम कार्य करने की स्थिति मे नही है तो बैंक का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।

24 परिवर्तन की अधिसूचना :

अ) बैंक को कार्ड और अथवा / उसके द्वारा प्रदान की जानेवाली सेवाओंको हटा देने का अथवा किसी भी समय कार्डधारक को पूर्व सूचना दिए बिना उपर्युक्त निबंधनो व शर्तो मे संशोधन अथवा उन्हे अनुपुरक करने का पूर्ण अधिकार होगा.

आ) बैंक को प्रदान सभी प्राधिकरण और अधिकार अपरिवर्तनीय होंगे।

25. नियंत्रण विधि:

अ) कार्ड का प्रयोग तथा निबंधन व शर्ते भारत के विधि के अनुसार नियंत्रित गोंगे।

आ) कार्डधारक वचन देता है कि वह कार्ड का लाभ और उपयोग करते समय लागु विविध क्रियाविधि का अनुपालन करेगा।

इ) सभी विवाद मुम्बई के सक्षम न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अध्यधीन है।

26 अपरिहार्य घटना:

बैंक के नियंत्रण के बाहर किसी मामले अथवा कारण से कार्डधारक को हुई हानि अथवा क्षति की क्षतिपूर्ति कार्डधारक को करने के लिए बैंक उत्तरदायी नही होगा।

27. असफल/विफल लेनदेन:

विफल डेबिट कार्ड लेनदेन को 5 दिनों के भीतर उलट दिया जाएगा। प्रत्यावर्तन में 5 दिन से अधिक का विलंब होने पर प्रति दिन 100 रूपये के दर से मुआवजा मिलेगा।

BANK OF INDIA
DEBIT CARD
Most Important Terms and Conditions of Usage

1. DEFINITIONS

a. **Account/s** means Cardholder's savings and/or current/overdraft account designated by the Bank to be eligible accounts for operations through the use of the Card.

b. **Account Statement** means a statement of account or the passbook issued by the Bank to a Cardholder setting out the transactions carried out and balance in the Account as on a given date, and any other information the Bank may deem fit to include.

c. **ATM** means any Automated Teller Machine whether in India or overseas, whether of the Bank or of a specified Shared Network, at which, amongst others, the Cardholder can use his Card to access his funds in his Account held with the Bank.

d. **The 'Bank'** means Bank of India, a nationalized Bank having its Head Office at G Block, Plot No.C-5, Bandra-Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai-400051 and its branches in India & abroad.

e. **Card** means Bank of India Debit Card.

f. **Cardholder** means a customer of the Bank to whom a Card has been issued and who is authorised to hold the Card.

g. **Charge** means a charge incurred by the Cardholder for purchase of goods or services or the Card or any other charge as may be included by the Bank from time to time.

h. **International** Transaction means the transactions entered into by the Cardholder on his Debit Card outside of India, Nepal and Bhutan.

i. **Merchant Establishment (ME)** means commercial establishments of any nature, wherever located, which honour the Card for transactions with them.

j. **Merchant** means any person who owns or manages or operates a Merchant Establishment.

k. **Personal Identification Number (PIN)** is a four digit confidential number given to the Cardholder by the Bank, while issuing the card or later selected by him from time to time, which is used to identify the customer at an ATM or a POS terminal for putting through transactions.

l. **POS Terminal** means point of sale electronic terminal at ME whether in India or overseas, capable of processing Card Transactions and at which, amongst others, the Cardholder can use his card to access his funds in his Account held with the Bank to make purchases.

m. **Primary Account** means the first account in the Accounts Particulars in the application for a card for the purpose of card operations.

n. **Shared Network** means Visa MasterCard / RuPay networks, or any other tie up like BANCS.

o. **Transaction** means any instruction given by a cardholder by, using his card directly or indirectly, to the Bank to effect some action on the account.

p. **Visa / MasterCard / RuPay** regulations means regulations issued by Visa / MasterCard / RuPay to its franchisee / member banks.

2. ELIGIBILITY:

*Savings / Current accounts individual capacity are eligible for issue of Card. In case of joint accounts, only such accounts as are permitted to be operated upon singly shall be eligible for issuance of card. Accounts operated by joint signature or account of a minor or an account in which a minor is a joint account holder shall not be eligible.

3. VALIDITY

a. The Card is valid for use at ATMs of the Bank, approved ATMs of Visa/MasterCard, approved ATMs of other banks and MEs with POS terminals in India and abroad and displaying logos of Visa / MasterCard / RuPay.

b. The Card is valid upto the last working day of the month and the year indicated on the Card.

4. PERSONAL IDENTIFICATION NUMBER (PIN)

